0003865

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 201-

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION - 2023

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2023

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code

**E**

विषय कोड :
Subject Code : **201**

## HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 36
**Total Printed Pages : 36**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. **खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / **काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।**
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।**

**50 × 1 = 50**

1. मंगम्मा क्या बेचती थी ?

(A) घी (B) दही

(C) पनीर (D) खोवा

2. 'यह बात अच्छी नहीं लगती कि माँ महीने भर इधर-उधर लुढ़कती रहे' — यह किसने कहा ?

(A) नारायण ने (B) पुष्पा ने

(C) भँवरी ने (D) कैलास ने

3. 'ढहते विश्वास' शीर्षक पाठ के रचनाकार का नाम क्या है ?

(A) श्रीनिवास (B) ईश्वर पेटलीकर

(C) सुजाता (D) सातकोड़ी होता

4. 'ढहते विश्वास' शीर्षक पाठ में किस बाँध के टूटने की बात कही गयी है ?

(A) दलेई बाँध (B) टिहरी बाँध

(C) सरदार सरोवर बाँध (D) फरक्का बाँध

5. मंगु की बड़ी बहन का नाम क्या है ?

(A) विभावरी (B) कमु

(C) रंजु (D) नीलिमा

6. लेखक सुजाता का वास्तविक नाम क्या है ?

(A) एन० के० रंगराजन (B) एस० एन० रंगराजन

(C) एस० रंगराजन (D) के० रंगराजन

7. कौन पाप्पाति को अकेली छोड़कर नहीं जाना चाहती थी ?

(A) वरियम्मा (B) कल्लि अम्माल

(C) नल्लि अम्माल (D) वल्लि अम्माल

8. वल्लि अम्माल के गाँव का नाम क्या था ?

(A) मूनांडिप्पट्टि (B) अंजुग्रामम

(C) अतिपट्टु (D) थुथुकुडी

9. 'धरती कब तक घूमेगी' शीर्षक पाठ में सीता क्या देखकर रुआँसी हो गयी ?

(A) अपने पुत्र को देखकर (B) अपना काला ओढ़ना देखकर

(C) पति की तस्वीर देखकर (D) खाना देखकर

10. 'धरती कब तक घूमेगी' शीर्षक पाठ में सीता के बड़े लड़के का नाम क्या था ?

(A) नारायण (B) बिज्जू

(C) कैलास (D) हुलास

11. 'एथेंस' किस महादेश में है ?

(A) एशिया में (B) अफ्रीका में

(C) आस्ट्रेलिया में (D) यूरोप में

12. टॉल्सटॉय कौन थे ?

(A) रूसी लेखक
(B) जर्मन लेखक
(C) हिंदी लेखक
(D) अंग्रेजी लेखक

13. कौन मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन से संबद्ध है ?

(A) धन
(B) साहित्य
(C) ऐश्वर्य
(D) अपव्यय

14. बिरजू महाराज का साक्षात्कार किसने लिया ?

(A) रोमा वाजपेयी ने
(B) स्मिता वाजपेयी ने
(C) रश्मि वाजपेयी ने
(D) अर्चना वाजपेयी ने

15. बिरजू महाराज का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1934 ई० में
(B) 1935 ई० में
(C) 1936 ई० में
(D) 1938 ई० में

16. 'आविन्यों' क्या है ?

(A) ईसाई मठ (B) मंदिर

(C) मस्जिद (D) बौद्ध विहार

17. 'बहुवचन' नामक पत्रिका का संपादन निम्न में से किसने किया ?

(A) गुणाकर मुले (B) अशोक वाजपेयी

(C) रामविलास शर्मा (D) महात्मा गाँधी

18. लेखक विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस वर्ष प्राप्त हुआ ?

(A) 1991 ई० में (B) 1992 ई० में

(C) 1990 ई० में (D) 1994 ई० में

19. 'नौबतखाने में इबादत' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) संस्मरण (B) शब्दचित्र

(C) यात्रावृत्तांत (D) व्यक्तिचित्र

20. कोई संस्कृति जिन्दा नहीं रह सकती, अगर वह दूसरों की संस्कृति का क्या करने की कोशिश करती है ?

(A) बहिष्कार (B) स्वीकार

(C) विचार (D) सुरक्षित

21. 'वाकिफ' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) सभ्यता (B) घटना

(C) परिचित (D) क्रूर

22. कितने वर्ष की उम्र में लिपजिग विश्वविद्यालय में मैक्स मूलर ने संस्कृत का अध्ययन आरंभ कर दिया था ?

(A) 17 वर्ष की उम्र में (B) 16 वर्ष की उम्र में

(C) 18 वर्ष की उम्र में (D) 15 वर्ष की उम्र में

23. हकर्स क्या थे ?

(A) पुरातत्व प्रेमी (B) भू-वैज्ञानिक

(C) भाषा वैज्ञानिक (D) वनस्पति वैज्ञानिक

24. 'नृवंश विद्या' का संबंध किससे है ?

(A) मानव विज्ञान से (B) भूगर्भ विज्ञान से

(C) दैवत विज्ञान से (D) जन्तु विज्ञान से

25. 'कामसूत्र' के रचयिता का नाम क्या है ?

(A) वाणभट्ट (B) वात्स्यायन

(C) कुंतक (D) आर्यभट्ट

26. 'सिक्थक' का अर्थ क्या होता है ?

(A) रंग (B) टीका

(C) मोम (D) आलता

27. मराठी, नेपाली और नेवारी भाषाओं की लिपि क्या है ?

(A) खरोष्ठी (B) मागधी

(C) ब्राह्मी (D) देवनागरी

28. 'नागरी लिपि' शीर्षक पाठ कहाँ से लिया गया है ?

(A) 'भारतीय लिपियों की कहानी' से
(B) 'सौर मंडल' से
(C) नक्षत्र लोक से
(D) 'अक्षरों की कहानी' से

29. 'निर्मला' कौन थीं ?

(A) लेखक की मामी
(B) लेखक की पत्नी
(C) लेखक की बहन
(D) लेखक की माँ

30. 'सूखा पत्ता' किस लेखक की रचना है ?

(A) नलिन विलोचन शर्मा
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) अमरकांत
(D) बिरजू महाराज

31. गुरु नानक का जन्म-स्थान 'नानकाना साहब' अब कहाँ है ?

(A) हिन्दुस्तान में
(B) पाकिस्तान में
(C) उजबेकिस्तान में
(D) इजरायल में

32. 'रसखान' किस राजवंश में उत्पन्न हुए थे ?

(A) सैय्यद राजवंश में (B) पठान राजवंश में

(C) खिलजी राजवंश में (D) लोदी राजवंश में

33. 'तिहूँपुर' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) इन्द्र (B) स्वर्ग

(C) तीनों लोक (D) नरक

34. "ठटे विदेसी ठाट सब, बन्यो देस बिदेस ।

सपनेहूँ जिनमें न कहुँ, भारतीयता लेस ।।" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है?

(A) भारतमाता (B) अक्षर-ज्ञान

(C) जनतंत्र का जन्म (D) स्वदेशी

35. 'गुंजन' किस कवि की रचना है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) जीवनानंद दास (D) रेनर मारिया रिल्के

36. कवि सुमित्रानंदन पंत के अनुसार कौन अपने घर में प्रवासिनी बनी हुई है ?

(A) फ्रांसीसी (B) अंग्रेज

(C) भारतमाता (D) जापानी

37. निम्न में से रामधारी सिंह दिनकर की रचना कौन है ?

(A) पल्लव (B) युगांत

(C) चिदंबरा (D) हुंकार

38. 'हिरोशिमा' शीर्षक कविता के कवि का नाम क्या है ?

(A) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(B) घनानंद

(C) कुँवर नारायण

(D) अनामिका

39. 'अज्ञेय' का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1911 ई० (B) 1914 ई०

(C) 1910 ई० (D) 1916 ई०

40. 'हिरोशिमा' शीर्षक कविता किसका चित्रण करती है ?

    (A) प्रताड़ना का

    (B) प्रकृति-प्रेम का

    (C) आधुनिक सभ्यता की दुर्दांत मानवीय विभीषिका का

    (D) गरीबी का

41. 'परिवार' शब्द का विशेषण क्या है ?

    (A) परिवारिन  (B) पारिवारिक

    (C) परिवारी  (D) परिवारील

42. क्रिया का मूल क्या है ?

    (A) काल  (B) वचन

    (C) धातु  (D) कारक

43. 'शिवम् आ रहा होगा ।' – किस काल का उदाहरण है ?

    (A) वर्तमानकाल  (B) भूतकाल

    (C) भविष्यत्काल  (D) इनमें से कोई नहीं

44. जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की संभावना हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) सकर्मक क्रिया
(B) अकर्मक क्रिया
(C) संयुक्त क्रिया
(D) द्विकर्मक क्रिया

45. 'क्या खाया ?' – किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) सकर्मक क्रिया
(B) संयुक्त क्रिया
(C) अकर्मक क्रिया
(D) द्विकर्मक क्रिया

46. भीमराव अंबेदकर के चिंतन एवं रचनात्मकता के प्रेरक व्यक्ति कौन थे ?

(A) बुद्ध
(B) कबीर
(C) ज्योतिबा फुले
(D) इनमें से सभी

47. 'हू आर शूद्राज' किनकी रचना है ?

(A) भीमराव अंबेदकर की
(B) अमरकांत की
(C) महात्मा गाँधी की
(D) यतीन्द्र मिश्र की

48. लेखक नलिन विलोचन शर्मा की माता का नाम क्या था ?

(A) लीलावती शर्मा
(B) रत्नावती शर्मा
(C) कमलावती शर्मा
(D) प्रभावती शर्मा

49. सेन साहब की लड़कियाँ कैसी हैं ?

(A) बातूनी
(B) झगड़ालू
(C) सुशील
(D) कामचोर

50. मदन किसका बेटा था ?

(A) ड्राइवर का
(B) गिरधर का
(C) मुकर्जी साहब का
(D) पत्रकार महोदय का

51. वर्णों के उच्चारण-समूह को क्या कहते हैं ?

(A) वर्णमाला
(B) ध्वनि
(C) वर्ण
(D) मात्रा

52. 'भ' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) ओष्ठ

(C) तालु (D) मूर्द्धा

53. 'ल' कौन व्यंजन है ?

(A) उष्म व्यंजन (B) स्पर्श व्यंजन

(C) अंतःस्थ व्यंजन (D) महाप्राण व्यंजन

54. किसकी अंतिम ध्वनि स्वर होती है ?

(A) बद्धाक्षर की (B) युग्मक की

(C) संपृक्त की (D) मुक्ताक्षर की

55. 'महाशय' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) महा + आशय (B) म + हाशय

(C) महाश + य (D) महा + शय

56. एकमात्रिक उच्चारण को क्या कहते हैं ?

(A) दीर्घ

(B) ह्रस्व

(C) ह्रस्व-दीर्घ

(D) संयुक्त

57. 'क्ष, त्र, ज्ञ' – कौन व्यंजन है ?

(A) स्पर्श व्यंजन

(B) अंत:स्थ व्यंजन

(C) संयुक्त व्यंजन

(D) उष्म व्यंजन

58. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) कवियित्री

(B) ऊँचाई

(C) अंताक्षरी

(D) चहारदीवारी

59. निम्नलिखित विराम चिह्नों में विस्मयादिबोधक चिह्न कौन है ?

(A) !

(B) ,

(C) ।

(D) –

60. जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(B) जातिवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा
(D) द्रव्यवाचक संज्ञा

61. 'वह खा चुका था ।' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भविष्यत्काल
(B) भूतकाल
(C) वर्तमानकाल
(D) इनमें से कोई नहीं

62. उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन
(B) आठ
(C) चार
(D) सात

63. वह शब्दांश, जो किसी शब्द के पूर्व जोड़ा जाता है क्या कहलाता है ?

(A) प्रत्यय
(B) वर्ण
(C) ध्वनि
(D) उपसर्ग

64. 'सुजान' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) सु (B) स्

(C) स (D) सुज

65. 'समझौता' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) ता (B) औता

(C) त (D) झौता

66. 'उपेक्षा' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) उपेक्षिक (B) उपेक्षीण

(C) उपेक्षित (D) उपेक्षील

67. 'संधि' का सामान्य अर्थ क्या है ?

(A) शामिल (B) हासिल

(C) जवाब (D) मेल

68. 'परमेश्वर' कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्विगु

(C) तत्पुरुष (D) द्वंद्व

69. 'शिवपार्वती' कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वंद्व

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

70. वाक्य के उस भाग को, जिसमें एक से अधिक पद परस्पर संबद्ध होकर अर्थ तो देते हैं, किंतु पूरा अर्थ नहीं देते, क्या कहलाते हैं ?

(A) वाक्य (B) संज्ञा

(C) पदबंध (D) सर्वनाम

71. जिस वाक्य में एक क्रिया होती है और एक कर्ता होता है, उसे कौन वाक्य कहते हैं ?

(A) मिश्र वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

72. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) किसी आदमी को भेज दो  (B) यह कहना आपकी भूल है

(C) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए  (D) चरखा कातना चाहिए

73. 'इच्छा' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) अर्चि  (B) अभिलाषा

(C) आगार  (D) अतुल

74. 'आधुनिक' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) अल्प  (B) प्रतिलोम

(C) प्राचीन  (D) आदि

75. 'स्वेद से उत्पन्न होनेवाला' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) शाक्त  (B) सर्वज्ञ

(C) स्वार्थी  (D) स्वेदज

76. 'अपना किया पाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) कर्म का फल भोगना  (B) शर्मिंदा होना

(C) स्वस्थ रहना  (D) विघ्न आना

77. 'विधवा' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) वियोग
(B) सधवा
(C) विपत्ति
(D) विशिष्ट

78. 'रात' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) गिरा
(B) तापस
(C) रजनी
(D) अब्धि

79. 'बिना अंकुश का' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) झूठा
(B) जिज्ञासु
(C) विक्रेता
(D) निरंकुश

80. 'फूँक-फूँककर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) सोच-विचार कर काम करना
(B) धीरे-धीरे चलना
(C) डरकर काम करना
(D) पैर रखकर फूँकना

81. 'प्रभाव' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) उभयलिंग

(C) पुंलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

82. 'आम्र' शब्द क्या है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

83. 'भगवान्' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) भगवानी (B) भगवती

(C) भगानी (D) भगवानाइन

84. कारक के कितने भेद हैं ?

(A) सात (B) छह

(C) आठ (D) पाँच

85. 'श्याम कलम से लिखता है ।' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबंध कारक
(B) अधिकरण कारक
(C) सम्प्रदान कारक
(D) करण कारक

86. 'नदी' शब्द का बहुवचन क्या होगा ?

(A) नदियाँ
(B) नदीय
(C) नदियाना
(D) नदिया

87. सूर्य शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) सूर्याणी
(B) सूर्या
(C) सूरा
(D) सूर्यी

88. शब्द जब किसी वाक्य में पिरो दिए जाते हैं, तब क्या कहलाते हैं ?

(A) शब्द
(B) वाक्य
(C) पद
(D) क्रिया

89. 'यह मेरा छोटा भाई अमित है ।' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(B) निजवाचक सर्वनाम
(C) पुरुषवाचक सर्वनाम
(D) निश्चयवाचक सर्वनाम

90. 'दु:खी लोगों की मदद करो ।' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) परिमाणबोधक विशेषण

91. 'पुष्करिणी' किसकी रचना है ?

(A) गुरु नानक
(B) अनामिका
(C) वीरेन डंगवाल
(D) अज्ञेय

92. मनुष्य और सभ्यता के विनाश की अंतर्व्यथा को अभिव्यक्त करनेवाली कविता निम्न में से कौन है ?

(A) एक वृक्ष की हत्या
(B) अक्षर - ज्ञान
(C) प्रेम अयनि श्री राधिका
(D) हमारी नींद

93. निम्नलिखित में से नगर संवेदना के कवि कौन हैं ?

(A) रसखान
(B) कुँवर नारायण
(C) घनानंद
(D) प्रेमघन

94. वीरेन डंगवाल का पहला कविता-संग्रह कब प्रकाशित हुआ ?

(A) सन् 1989 में
(B) सन् 1990 में
(C) सन् 1991 में
(D) सन् 1992 में

95. 'अक्षर-ज्ञान' शीर्षक कविता कहाँ से ली गई है ?

(A) 'गलत पते की चिट्ठी' से
(B) 'बीजाक्षर' से
(C) 'कहती हैं औरतें' से
(D) 'कवि ने कहा' से

96. "नदियाँ, मैदान बंगाल के बुलायेंगे – मैं आऊँगा ।" – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) लौटकर आऊँगा फिर
(B) जनतंत्र का जन्म
(C) हमारी नींद
(D) अक्षर-ज्ञान

97. रेनर मारिया रिल्के के पिता का नाम क्या था ?

(A) विल्सन रिल्के
(B) जोसेफ रिल्के
(C) जीनस रिल्के
(D) विलियम रिल्के

98. 'लाइफ एण्ड सॉंग्स' कविता संकलन किसकी रचना है ?

(A) जीवनानंद दास
(B) वीरेन डंगवाल
(C) रेनर मारिया रिल्के
(D) कुँवर नारायण

99. 'लौटकर आऊँगा फिर' शीर्षक कविता के अनुवादक का नाम क्या है ?

(A) जयनंद शुक्ल
(B) राजवीर शुक्ल
(C) जयवीर शुक्ल
(D) प्रयाग शुक्ल

100. 'अक्षर-ज्ञान' शीर्षक कविता में 'ङ' के 'ड' को बेटा क्या समझता है ?

(A) माँ
(B) बहन
(C) भाई
(D) पिता

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) ईश्वरचंद्र विद्यासागर बंगाल पुनर्जागरण के स्तम्भों में से एक थे । वे एक प्रसिद्ध लेखक, बुद्धिजीवी और सबसे बढ़कर मानवता के बड़े समर्थक थे । इनका एक प्रभावशाली व्यक्तित्व था, जिसके कारण उस समय के ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा भी इनका सम्मान किया जाता था । इन्होंने बंगाली शिक्षा प्रणाली में क्रांति ला दी थी । बंगाली भाषा को लिखने और सिखाने के तरीके को आगे बढ़ाने का काम किया । इनकी पुस्तक, 'बोर्नो पोरिचॉय' अभी भी बंगाली वर्णमाला सीखने के लिए परिचयात्मक पाठ के रूप में उपयोग की जाती है । कई विषयों में इनके विशाल ज्ञान के कारण इन्हें 'विद्यासागर' की उपाधि दी गयी थी ।

(i) ईश्वरचंद्र विद्यासागर बंगाल के लिए क्या थे ?

(ii) ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा किसे सम्मान मिलता था ?

(iii) ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने कहाँ की शिक्षा प्रणाली में क्रांति ला दी ?

(iv) ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा लिखित पुस्तक का नाम क्या था ?

(v) 'विद्यासागर' की उपाधि इन्हें क्यों दी गई ?

(ख) भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा । विशेषज्ञों का मानना है कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है । जिस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनजर फसलों की अधिक पैदावार जरूरी थी । समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है । देश के ज्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं ।

(i) भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

(ii) खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था ?

(iii) फसलों की अधिक पैदावार क्यों जरूरी थी ?

(iv) कौन परंपरागत कृषि से दूर हो गए ?

(v) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें ।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा : $5 \times 2 = 10$

(क) विश्व के प्रायः सभी धर्मों में अहिंसा के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया है । भारत के सनातन हिंदू धर्म और जैन धर्म के सभी ग्रंथों में अहिंसा की विशेष प्रशंसा की गई है । 'अष्टांगयोग' के प्रवर्त्तक पतंजलि ऋषि ने आठो अंगों में प्रथम अंग 'यम' के अन्तर्गत 'अहिंसा' को प्रथम स्थान दिया है । इसी प्रकार गीता में भी अहिंसा के महत्त्व पर जगह-जगह प्रकाश डाला गया है । भगवान् महावीर ने

अपनी शिक्षा का मूलाधार अहिंसा को बताते हुए 'जियो और जीने दो' की बात कही है । अहिंसा मात्र हिंसा का अभाव ही नहीं, अपितु किसी भी जीव का संकल्प-पूर्वक वध नहीं करना और किसी जीव या प्राणी को अकारण दुःख नहीं पहुँचाना है । ऐसी जीवन-शैली अपनाने का नाम ही अहिंसात्मक जीवन-शैली है ।

(i) विश्व के सभी धर्मों में किस पर प्रकाश डाला गया है ?

(ii) सभी ग्रंथों में किसकी प्रशंसा की गयी है ?

(iii) 'अष्टांगयोग' के प्रवर्त्तक का नाम क्या था ?

(iv) भगवान् महावीर की शिक्षा का मूलाधार क्या था ?

(v) अहिंसात्मक जीवन-शैली किसे कहते हैं ?

(ख) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 3 दिसम्बर, 1884 ई० में हुआ था । डॉ० राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान् भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे । वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई । उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था । राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 ई० में कृषि एवं खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था । सम्मान से उन्हें प्रायः राजेन्द्र बाबू कहकर पुकारा जाता है ।

(i) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद का जन्म किस वर्ष हुआ था ?

(ii) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद क्या थे ?

(iii) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में किसने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी ?

(iv) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद कृषि एवं खाद्यमंत्री किस वर्ष थे ?

(v) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद को क्या कहकर पुकारा जाता है और क्यों ?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) भारतीय किसान की समस्या और समाधान

(i) भूमिका

(ii) सामाजिक समस्याएँ

(iii) आर्थिक समस्याएँ

(iv) कृषि की स्थिति

(v) निष्कर्ष

(ख) मेरा प्रिय खेल : कबड्डी

(i) भूमिका

(ii) खेल का महत्त्व

(iii) खिलाड़ियों की संख्या

(iv) लाभ

(v) निष्कर्ष

(ग) समाचार पत्र

(i) भूमिका

(ii) लोकतंत्र का प्रहरी

(iii) प्रचार का उत्तम माध्यम

(iv) व्यापार में लाभ

(v) उपसंहार

(घ) वर्तमान शिक्षा पद्धति

(i) भूमिका

(ii) प्राचीन शिक्षा पद्धति

(iii) नवीन शिक्षा पद्धति

(iv) उपसंहार

(ङ) वसन्त ऋतु

(i) भूमिका

(ii) सौन्दर्य

(iii) वैशिष्ट्य

(iv) उपसंहार

4. अपने प्रधानाध्यापक के पास **एक** आवेदन पत्र लिखें, जिसमें परीक्षा शुल्क माफ करने का निवेदन किया गया हो । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

कम्प्यूटर के महत्त्व के बारे में दो छात्रों के बीच हुए संवाद को लिखें ।

. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **20-30** शब्दों में दें : $5 \times 2 = 10$

(i) भारतीय समाज में जाति श्रम विभाजन का स्वाभाविक रूप क्यों नहीं कही जा सकती ?

(ii) लेखक मैक्स मूलर ने नया सिकंदर किसे कहा है ? ऐसा कहना क्या उचित है ?

(iii) नख बढ़ाना और उन्हें काटना कैसे मनुष्य की सहजात वृत्तियाँ हैं ? 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' शीर्षक पाठ के अनुसार लिखें ।

(iv) उत्तर भारत में किन शासकों के प्राचीन नागरी लेख प्राप्त होते हैं ? लिखें ।

(v) कवि कुँवर नारायण को वृक्ष बूढ़ा चौकीदार क्यों लगता था ?

(vi) खालिस बेचैनी किसकी है ? बेचैनी का क्या अभिप्राय है ? 'अक्षर-ज्ञान' कविता के अनुसार लिखें ।

(vii) कवि जीवनानंद दास अगले जीवन में क्या-क्या बनने की संभावना व्यक्त करते हैं और क्यों ?

(viii) कवि रेनर मारिया रिल्के अपने को जलपात्र और मदिरा क्यों कहते हैं ? लिखें ।

(ix) मंगम्मा अपने बेटे-बहू से अलग क्यों हो गयी ?

(x) 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम क्या है ? इस कहानी में किस राज्य को बाढ़ एवं सुखा से प्रभावित दिखाया गया है ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । ( शब्द सीमा लगभग **100** ) : 1 × 5 = 5

(i) आशय स्पष्ट करें :

"फटा सुर न बख्शें । लुंगिया का क्या है, आज फटी है, तो कल सिल जाएगी ।"

(ii) व्याख्या करें :

"मन पावन चितचोर, पलक ओट नही करि सकौं ।'